NEWS18 हिंदी

# VIDEO: नकली दवाओं के जखीरे के साथ तीन गिरफ्तार



उत्तराखंड NEWS18 UTTARAKHAND| SEPTEMBER 21, 2018, 1:38 PM IST

हरिद्वार में औषधी नियंत्रक और नारकोटिक्स की संयुक्त टीम ने सिविल लाइन कोतवाली के मोहनपुरा में एक रेस्टोरेंट में छापा मारकर नकली दवाओं का जखीरा बरामद किया है. टीम ने इस कार्रवाई में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. ड्रग इंस्पक्टर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया शहर और देहात क्षेत्र में लगातार नकली दवाओं का कारोबार फलफूल रहा है. 15 दिन पहले भी औषधी नियंत्रण विभाग टीम ने एक घर से लाखों रुपयों की नकली दवाई बरामद की थी. इसके बावजूद भी नकली दवाई का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं. फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और दवाइयों के सैम्पल जांच के लिए भेज दिए गए हैं.

Manoj Juyal

Source: https://hindi.news18.com/videos/uttarakhand/haridwar-police-arrested-three-peoples-with-counterfeit-medicine-in-haridwar-1521369.html